# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**शनिवार दिनांक 22.01.2022 को अपरान्ह 12.30 बजे कोविड–19 महामारी को दृष्टिगत रखते एवं सामाजिक दूरी का पालन करते हुये चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के परिसर में स्थित बृहस्पति भवन में आयोजित की गयी कार्य परिषद की 01 वीं/2022 बैठक का कार्यवृत्त :–**

**उपस्थिति :–**

1. प्रो0 संगीता शुक्ला, कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ। **(अध्यक्ष)**
2. प्रो0 वाई0 विमला, प्रति कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।
3. मा0 न्यायमूर्ति श्री पंकज मित्थल, 6/2, अलकापुरी कालोनी, अशोक नगर, प्रयागराज–211002।
4. डॉ0 दर्शन लाल, 412ए, न्यू देवपुरी, अनुराग सिनेमा के समीप, बागपत रोड़ मेरठ–250002।
5. डॉ0 अरूण कुमार सिंह, सी0–46, न्यू सिविल लाइन्स, गुरदेव पैलेस के समीप, कानपुर–208024।
6. प्रो0 हरिभाऊ गोपीनाथ खण्डेकर, पूर्व कार्यपरिषद सदस्य लखनऊ विश्वविद्यालय, 36/70, बंगाली मोहाल, कानपुर।
7. डॉ0 अंजली मित्तल, संकायाध्यक्ष–विधि, मेरठ कॉलेज मेरठ।
8. डॉ0 आर0सी0 गुप्ता, संकायाध्यक्ष, चिकित्सा, एल0एल0आर0एम0 मेडिकल कॉलेज, मेरठ।
9. प्रो0 आर0के0 सोनी आचार्य, रसायन विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।
10. प्रो0 विजय मलिक, आचार्य, वनस्पति विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।
11. प्रो0 हरे कृष्ण, आचार्य, सांख्यिकी विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
12. डॉ0 रमाकान्त, सहयुक्त आचार्य, वनस्पति विज्ञान विभाग,चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।
13. डॉ0 सचिन कुमार, सहा0 आचार्य, अनुवांशिकी एवं पादक प्रजनन विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
14. डॉ0 दीपशिखा, भूगोल विभाग, आर0 जी0 कॉलेज मेरठ।
15. डॉ0 (श्रीमति) स्मृति दानी, गृह विज्ञान विभाग, आर्य कन्या पाठ्शाला हापुड।
16. डॉ जीनत जैदी, प्राचार्या, राजकीय महाविद्यालय बी0बी0 नगर, बुलन्दषहर।
17. वित्त अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
18. श्री धीरेन्द्र कुमार, कुलसचिव, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ। **(सचिव)**

**विशेष आमन्त्रित :–**

1. डॉ0 अश्वनी कुमार, परीक्षा नियन्त्रक
2. प्रो0 प्रशान्त कुमार, निदेशक, तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ होने से पूर्व, नवागत कुलपति, प्रो0 संगीता शुक्ला व प्रथम बार कार्य परिषद में सम्मिलित हुए सम्माननीय सदस्य मा0 न्यायमूर्ति श्री पंकज मित्थल का हार्दिक स्वागत व अभिनन्दन किया गया एवं डॉ0 रमाकान्त, सहयुक्त आचार्य, वनस्पति विज्ञान विभाग का माननीय कार्य परिषद में सदस्य के रूप में स्वागत किया गया। पूर्व कुलपति, प्रो0 नरेन्द्र कुमार तनेजा द्वारा उनके वृहद कार्यकाल में किये गये अभूतपूर्व एवं विशिष्ट योगदान हेतु उनका आभार व धन्यवाद व्यक्त किया गया इसी प्रकार पूर्व सदस्य, डॉ0 अनुज कुमार द्वारा कार्य परिषद में दिये गये योगदान हेतु आभार व्यक्त किया गया और समस्त सम्मानित सदस्यों द्वारा अपना परिचय प्रदान करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**मद संख्या–1** विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की बैठक दिनांक 21.12.2021 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। (संलग्नक–1)

**संकल्प** कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय की कार्य परिषद की बैठक दिनांक 21.12.2021 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गयी।

**मद संख्या–2** विश्वविद्यालय की दिनांक 21.01.2022 को सम्पन्न हुई विद्वत परिषद की बैठक में लिये गये निर्णयों की सम्पुष्टि किया जाना। (संलग्नक–2)

**संकल्प** कार्य परिषद द्वारा विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 21.01.2022 के संकल्प संख्या–8(2) में लिये गये निर्णयानुसार विश्वविद्यालय परिसर में स्थित नवनिर्मित्त चार मंजिला केन्द्रीय मूल्यांकन भवन के भूतल पर Central Instrumentation Facilities की स्थापना की गयी तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के ख्याति प्राप्त आचार्य ''प्रो0 वी0 पुरी'' के नाम से उक्त Central Instrumentation Facilities का नामकरण किये जाने का निर्णय लिया गया। तद्नुसार इस केन्द्रीय उपकरण सुविधा को Prof. V. Puri Central Instrumentation Facilities के नाम से जाना जायेगा।

इसके अतिरिक्त विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 21.01.2022 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।

**कार्यवाही : विश्वविद्यालय अभियन्ता द्वारा**

**मद संख्या–3** विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 05.01.2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। (संलग्नक–3)

**संकल्प** कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 05.01.2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की गयी।

**मद संख्या–4** विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वित्त समिति की बैठक दिनांक 20.01.2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि किया जाना। (संलग्नक–4)

**संकल्प** कार्य परिषद को वित्त अधिकारी द्वारा यह अवगत कराया गया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 30.07.2019 के अनुक्रम में शासनादेश सं0 59/2019/1834/40 पिच्चानवे–19–46 रिट/15टी0सी0 iii दिनांक 23.09.2019 द्वारा दिनांक 06.12.2016 से होमगार्ड स्वयंसवकों को प्रतिदिन रू0 600/– तथा समय–समय पर निर्धारित महगाई भत्ता को जोडते हुए दैनिक डयूटी भत्ता अनुमन्य किया गया है। वित्त अधिकारी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पत्र दिनांक 15.12.2021 द्वारा उत्तर प्रदेश शासन से इस सम्बन्ध में मार्गदर्शन का अनुरोध किया गया था। इस सम्बन्ध में विश्वविद्यालय को श्री अब्दुल समद, विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग–4, के पत्र दिनांक 30 सितम्बर, 2021 प्राप्त हुआ है, जिसके अनुसार राजाश्री टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, छात्रपति शाहुजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ एवं दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर से यह अपेक्षा की गयी है कि वह नियोजित होगगार्ड स्वयंसेवकों से सम्बंधित अवशेष एरियर का भुगतान दिनांक 15.01.2022 तक कराते हुए कृत कार्यवाही से शासन को सूचित करें। विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा किये गये पत्राचार एवं वित समिति द्वारा पारित प्रस्ताव के आलोक में 06.12.2016 के उपरान्त विश्वविद्यालय की सुरक्षा में तद्समय तैनात होगार्ड स्वयंसेवकों के सम्बंधित खातों को चिन्हित करते हुए उनमें यथोचित एरियर धनराशि अन्तरित की जाये। इसके अतिरिक्त वित्त समिति की बैठक दिनांक 20.01.2022 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया।

**मद संख्या–5** विश्वविद्यालय के शोध अनुभाग से प्रेषित शोध छात्रों की सूची के अनुसार शोध उपाधि प्रदान करने पर विचार किया जाना। (संलग्नक–5)

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा शोध विभाग द्वारा प्रस्तुत सूची दिनांक 21.01.2022 में निम्नलिखित 10 शोधार्थियों को उनके सम्मुख विभिन्न विषयों में शोध उपाधियॉ प्रदान करने का अनुमोदन किया गया।

**SUBJECT: COMMERCE**

| S. No. | Name of Candidate Father's Name /Mother's Name | E. No. | Topic of Thesis | Name of Supervisor & Place of Research | Date of Reg. & Reg. No | Date of R.D.C. | Date of Submission & Viva-Voce |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | HEMANT AHUJA<br>S/O. DHARAMPAL AHUJA<br>SMT. KAMLESH AHUJA | M0007338 | A STUDY TO IDENTIFY THE MOST VIABLE BANKING STRUCTURE FOR INDIA WITH SPECIAL REFERENCE TO THE SBI & ITS ASSOCIATES MERGER | DR. TRILOCHAN SHARMA<br>C.C.S. UNIVERSITY, MEERUT | 18-11-2016<br>1700824 | 22/23-10-2018 | 15-07-2021<br>18-01-2022 |
| **SUBJECT: ENGLISH** | | | | | | | |
| 02. | DEEPAK RAJ<br>S/O. RAM NIWAS CHAUHAN<br>SMT. KAMLESH KUMAR | M17933119 | SOCIO-PSYCHOLOGICAL STUDY OF THE MARGINALIZED: A COMPARATIVE STUDY OF MAHESH DATTANI AND VIJAY TENDULKAR | DR. ARUN KUMAR MISHRA<br>L.R. (PG) COLLEGE, GHAZIABAD | 10-10-2017<br>1701390 | 08-06-2018 | 06-04-2021<br>30-12-2021 |
| **SUBJECT: GEOGRAPHY** | | | | | | | |
| 03. | NEELAM DAHIYA<br>D/O. HAWA SINGH DAHIYA<br>SMT. SHAKUNTALA DAHIYA | M13870019 | IMPACT OF CHEMICAL INDUSTRIES ON ENVIROMENT AND HEALTH IN SONEPAT DISTRICT | DR. VIRENDRA SINGH<br>D.J. COLLEGE, BARAUT | 13-11-2013<br>1301522 | 17-08-2016 | 23-07-2021<br>18-01-2022 |
| 04. | SANDEEP KATARIA<br>S/O. DAYANAND<br>SMT. MUKESH DEVI | M0449563 | bZV HkV~Vksa dk d`f"k ij izHkko% ckxir tuin dk ,d HkkSxksfyd v/;;u | DR. VIRENDRA SINGH<br>D.J. COLLEGE, BARAUT | 10-11-2013<br>1301501 | 08-05-2014 | 17-09-2019<br>14-01-2022 |
| **SUBJECT: HISTORY** | | | | | | | |
| 05. | ANIL KUMAR<br>S/O. KARAN SINGH<br>SMT. SHANTI DEVI | M8202263 | WOMEN AND QUIT INDIA MOVEMENT | DR. V.S RAI<br>S.D.COLLEGE, GHAZIABAD | 12-11-2013<br>1301746 | 23-01-2017 | 03-04-2021<br>17-01-2022 |
| **SUBJECT: POL. SCIENCE** | | | | | | | |
| 06. | JITENDRA KUMAR<br>S/O. RAMESH CHAND<br>SMT. TARA DEVI | M0895688 | if'peh mRrj izns'k esa /kekZUrj.k dh leL;k dk fo'ys"k.kkRed v/;;u | DR. IFTIKHAR AHMED ANSARI<br>N.R.E.C. COLLEGE, KHURJA | 03-06-2016<br>1602506 | 14-09-2016 | 25-03-2021<br>14-12-2021 |
| **SUBJECT: SOCIOLOGY** | | | | | | | |
| 07. | JYOTI MISHRA<br>D/O. SHYAM BABU MISHRA<br>SMT. METHILESH MISHRA | M9917977 | POLICE PERSONNEL AND THEIR ROLE IN THEIR FAMILIES: A SOCIOLOGICAL STUDY | DR. SANJEEV MAHAJAN<br>N.A.S. COLLEGE, MEERUT | 11-11-2013<br>1302809 | 10-12-2015 | 20-05-2020<br>08-01-2022 |
| 08. | MANJU RANI<br>D/O. DHARMA PAL SINGH<br>SMT. SURESH DEVI | M0333591 | A SOCIOLOGICAL STUDY OF DALIT WOMEN IN HIGHER EDUCATION IN DISTRICT GHAZIBAD | DR.SANJAY KUMAR<br>N.A.S.COLLEGE, MEERUT | 04-06-2016<br>1602804 | 28-12-2016 | 28-06-2021<br>07-01-2022 |

**SUBJECT: BOTANY**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 09. | DEEPAK KUMAR<br>S/O. MANGAL SAIN PREMI<br>SMT. KANTA PREMI | M06109915 | GENOME-WIDE ASSOCIATION MAPPING IN WHEAT (Triticum aestivum L.) FOR ROOT LESION NEMATODE (Pratylenchus thornei) RESISTANCE | DR. SHAILENDRA SHARMA<br>C.C.S. UNIVERSITY, MEERUT | 21-11-2017<br>1700645 | 19-04-2018 | 21-08-2021<br>07-01-2022 |

**SUBJECT: GENETICS & PLANT BREEDING**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 10. | ARVIND KUMAR<br>S/O. RAM BAHADUR<br>SMT. CHANDRA WATI | M14109099 | GENETIC ARCHITECTURE, HETEROSIS AND GENE ACTION STUDIES FOR YIELD AND ITS COMPONENTS IN OKRA (Abelmoschus esculentus L. Moence.) | DR. S.S. GAURAV<br>C.C.S. UNIVERSITY, MEERUT | 16-09-2017<br>1701409 | 23-03-2018 | 12-07-2021<br>09-01-2022 |

**कार्यवाही : सहायक कुलसचिव (शोध मूल्यांकन) द्वारा**

**मद संख्या–6** प्रान्त अध्यक्ष, सेवा भारती मेरठ प्रान्त के पत्र दिनांक 23.12.2021 द्वारा अवगत कराया है कि विश्वविद्यालय के बाहर रहने वाले बागड़िया–गाड़ीवान लौहार जनजाति समुदाय के लोगों के बच्चों को एवं पड़ोस की बस्ती में रहने वाले उपेक्षित एवं निर्धन वर्ग के बच्चों को शिक्षित एवं संस्कारित करने के लिए महाराणा प्रताप बालसंस्कार एवं शिक्षा केन्द्र चलाने हेतु विश्वविद्यालय परिसर में बैंक के पास पार्क में महाराणा प्रताप बालसंस्कार एवं शिक्षा केन्द्र चलाने हेतु स्थान देने पर पर विचार करने हेतु प्रकरण कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–6)

**संकल्प–** कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के बाहरी मुख्य द्वार के साथ–साथ अनाधिकृत रूप से रहने वाले बागड़िया–गाड़ीवान लौहार जनजाति समुदाय के बालकों को एवं पड़ोस की बस्ती में रहने वाले उपेक्षित एवं निर्धन वर्ग के बालकों को शिक्षित एवं संस्कारित करने हेतु प्रस्तुत किये गये प्रान्त अध्यक्ष, सेवा भारती, मेरठ प्रान्त को यह अवगत कराने का निर्णय लिया कि उनके द्वारा अपेक्षित स्थान, कार्य परिषद द्वारा इस समय आवंटित करना सम्भव नही होगा अपितु वह यदि चाहें तो, विश्वविद्यालय परिसर में स्थित मदन मोहन विद्या मन्दिर में अपने मन्तव्य को पूर्ण करने हेतु प्रधानाचार्या, मदन मोहन विद्या मन्दिर से वार्ता एवं सामन्जस्य स्थापित कर उपरोक्त वर्णित बालकों की शिक्षा–दीक्षा संस्कार हेतु सशुल्क/निःशुल्क प्रवेश पर विचार कर सकते हैं अथवा उक्त विद्यालय में इन बालकों के लिए सांध्यकालीन संस्कारशाला इत्यादी संचालित करने के लिए वार्ता कर सकते हैं।

कार्य परिषद के सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की चाहारदिवारी के साथ–साथ एवं मुख्य द्वार के निकट सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिये उत्तर प्रदेश शासन एवं जिला प्रशासन, मेरठ/नगर निगम, मेरठ समय–समय पर अनुरोध किया गया है, परन्तु इस अतिक्रमण की समस्या का निराकरण नही हो सका है। कार्य परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय की सम्पत्ति पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने हेतु एवं अतिक्रमणकर्ताओं के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए, अन्यत्र पुर्नस्थापित करने हेतु उत्तर प्रदेश शासन/जिला प्रशासन, मेरठ/नगर निगम, मेरठ को पुनः अनुरोध किया जाये।

**कार्यवाही : कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (विकास) द्वारा**

**मद संख्या–7** सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता) के पत्रांक सम्बद्धता/3568, दिनांक 05.01.2022 द्वारा अवगत कराया है कि श्री राजीव सिन्हा के शिकायती ईमेल दिनांक 07.11.2019 द्वारा प्रो0 जगवीर सिंह भारद्वाज, शिक्षा विभाग,

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के सन्दर्भ में शिकायत की गयी है कि उन्होंने जतन स्वरूप पी0जी0 कॉलेज, सिकन्द्राबाद, बुलन्दशहर के बी0एड0 शिक्षा चयन पैनल में विषय विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने अपने सगे भाई श्री विनोद कुमार शर्मा का चयन, नियमों के विपरीत किया। उक्त के सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी द्वारा सन्दर्भित शिकायत की जाँच हेतु प्रति कुलपति महोदया को नामित किया गया था। प्रति कुलपति महोदया द्वारा उपलब्ध करायी आख्या को कार्य परिषद की आहूत बैठक दिनांक 09.11.2020 में प्रस्तुत किया गया। कार्य परिषद द्वारा प्रकरण की विस्तृत जाँच हेतु एक समिति का गठन किया गया। कार्य परिषद द्वारा गठित जाँच समिति द्वारा प्रकरण की जाँच कर अपनी आख्या उपलब्ध करायी गयी है। सन्दर्भित प्रकरण पर प्रस्तुत दोनों जाँच आख्या (समिति तथा प्रति कुलपति महोदया द्वारा उपलब्ध करायी गयी जाँच आख्या) पर विचार करने हेतु प्रकरण कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–7)

**संकल्प–** कार्य परिषद को अवगत कराया गया कि मा0 कुलपति जी द्वारा प्रति कुलपति महोदया को इस प्रकरण में प्ररम्भिक जॉच हेतु नियुक्त किया गया था। कार्य परिषद की बैठक दिनांक 09.11.2020 द्वारा उक्त प्रारम्भिक जॉच आख्या का संज्ञान लिया गया था तथा यह निर्णय लिया गया था कि प्रकरण पर वृहद जॉच तीन सदस्यी समिति द्वारा करायी जाये। तीन सदस्यी समिति की जॉच आख्या दिनांक 06.03.2021 को कार्य परिषद के पटल पर प्रस्तुत किया गया। उक्त आख्या के अनुसार प्रारम्भिक जॉच आख्या को ही आधार मानते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा की गयी। कार्य परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि जतन स्वरूप पी0जी0 कॉलिज, सिकन्दराबाद, बुलन्दशहर के प्रबन्ध तन्त्र को यह अवगत कराया जाये कि उनके शिक्षा विभाग में विभागाध्यक्ष के पद पर नियुक्त श्री विनोद कुमार शर्मा के अनुमोदन को निरस्त किया जाता है तथा उनसे यह अपेक्षा की जाये कि वह श्री विनोद कुमार शर्मा के विरूद्ध नियुमानुसार कार्यवाही संस्थित करें। इसके अतिरिक्त यह भी निर्णय लिया गया कि प्रो0 जगवीर सिंह भारद्वाज, आचार्य, शिक्षा विभाग, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ, को इस आशय का कारण बताओ सूचना पत्र निर्गत किया जाये कि क्यों न इस प्रकरण में हुयी अनियमितता के कारण उन्हे भविष्य में किसी भी शिक्षक चयन समिति में सदस्य के रूप में नामित ना किये जाये तथा यह भी निर्णय लिया गया कि उनके द्वारा सन्तोषजनक उत्तर प्रस्तुत न किये जाने तक उन्हें किसी भी शिक्षक चयन समिति में नामित न किया जाये।

**कार्यवाही : सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता) द्वारा**

**मद संख्या–8** प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा, आचार्य, जैनेटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग एवं समन्वयक, फूड साईस एण्ड टेक्नोलोजी, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने अपने पत्र दिनांक 31.12.2021 द्वारा अवगत कराया है कि उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–2345/सत्तर–1–2021–16(26)/2019, दिनांक 30.12.2021 द्वारा उनको आजमगढ़ राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का कुलपति नियुक्त किया है तथा दिनांक 31.12.2021 के अपरान्ह् से आजमगढ़ राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में कुलपति का पदभार ग्रहण करने हेतु चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से कार्यमुक्त करते हुए 03 वर्ष का धारणाधिकार अवकाश स्वीकृत किये जाने का निवेदन किया है, जिसे माननीय कुलपति महोदया द्वारा कार्य परिषद की प्रत्याशा में कार्यमुक्त करते हुए ग्रहणाधिकार अवकाश स्वीकृत किया गया है, जो कार्य परिषद के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–8)

संकल्प– कार्य परिषद द्वारा प्रो0 पी0के0 शर्मा, आचार्य को आजमगढ़ राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का कुलपति नियुक्त किये जाने पर बधाई व्यक्त करते हुए उनको चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से कार्यमुक्त करते हुए 03 वर्ष का धारणाधिकार अवकाश प्रदान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

**कार्यवाही : सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) द्वारा**

**मद संख्या–9** प्रभारी, कमेटी सैल द्वारा प्रस्तुत टीप दिनांक 17.12.2021 द्वारा अवगत कराया गया है कि कमेटी सैल विभाग में कुशल कर्मी के रूप में कार्यरत श्री अनिल कुमार गुप्ता, माह जनवरी, 2022 को 60 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। कमेटी सैल में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रमों का इन्हें पूर्ण ज्ञान है तथा उक्त परीक्षाओं के कार्य के अतिरिक्त विश्वविद्यालय की होने वाले समस्त बैठकों (कार्य परिषद, विद्वत परिषद व परीक्षा समिति इत्यादि) में भी पूर्ण सहयोग प्रदान करते हैं तथा इनकी सेवानिवृत्ति के उपरान्त उक्त से सम्बन्धित ज्ञान रखने वाले कर्मचारी की विभाग को अति–आवश्यकता होगी। श्री अनिल कुमार गुप्ता, कुशल कर्मी, कमेटी सैल विभाग को सेवानिवृत्ति की तिथि से आगामी एक वर्ष हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मासिक वेतन पर विश्वविद्यालय में कार्यरत अन्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भांति सेवा विस्तार पर विचार करने हेतु प्रकरण कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–9)

संकल्प– कार्य परिषद के समक्ष यह तथ्य प्रस्तुत किया गया कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी श्री अनिल कुमार गुप्ता दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। इस तथ्य के आलोक में कार्य परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि श्री अनिल कुमार गुप्ता को नियमानुसार सेवाविस्तार प्रदान नहीं किया जा सकता। अतएव यह प्रस्ताव निरस्त किया गया।

**मद संख्या–10** नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को दृष्टिगत रखते हुए स्मार्ट क्लास रूम, नवाचार, कौशल विकास आदि पर चर्चा किये जाने हेतु प्रकरण कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–10)

संकल्प– विश्वविद्यालय विद्वत परिषद की बैठक दिनांक 21.01.2022 के मद संख्या–4 में लिये गये संकल्पानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के दृष्टिगत स्मार्ट क्लास रूम, नवाचार, कौशल विकास आदि से सम्बन्धित कार्य के क्रियान्वयन हेतु निम्नलिखित समितियों का गठन करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- | Research & innovation Policy | - | Prof. Beer Pal Singh |
| 2- | I.T. Policy | - | Prof. Mukesh Sharma |
| 3- | Environment Policy | - | Prof. Ashok Kumar Chaubey |
| 4- | Moral & Ethics Policy | - | Prof. Pawan Kumar Sharma |
| 5- | Incubation Centre | - | Prof. Hare Krishna |
| 6- | Centre for Vocational Education & Skill Development | - | Prof. Y. Singh |

कार्य परिषद द्वारा उपरोक्त निर्धारित समस्त प्रकोष्ठों द्वारा बनायी गयी रूपरेखा का अध्ययन करते हुए विश्वविद्यालय में लागू किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी साथ ही विश्वविद्यालय के Digitilization को प्राथमिकता प्रदान करते हुए University Information Management System (UIMS) की प्रक्रिया शीघ्रता से प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया।

**कार्यवाही : सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक/विकास) द्वारा**

**मद संख्या–11** **माननीय कुलपति महोदया की अनुमति से अन्य मद।**

**मद संख्या–11(1)** विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश पत्र संख्या– पी0ए0/4632, दिनांक 24.12.2021 के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (पुनः अधिनियम तथा संशोधन) अधिनियम, 1974 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–29 सन् 1974) द्वारा यथा संशोधित एवं पुनः अधिनियमित उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा–14(2) के अन्तर्गत प्रो0 वाई0 विमला, आचार्य, वनस्पति विज्ञान विभाग, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार कार्य परिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में तत्कालिक प्रभाव से प्रति–कुलपति नियुक्त किया गया है, जिस पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण कार्य परिषद के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–11(1))

**संकल्प** कार्य परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (पुनः अधिनियम तथा संशोधन) अधिनियम, 1974 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–29 सन् 1974) द्वारा यथा संशोधित एवं पुनः अधिनियमित उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा–14(2) के अन्तर्गत प्रो0 वाई0 विमला, आचार्य, वनस्पति विज्ञान विभाग, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार निर्गत कार्यालय आदेश पत्र संख्या–पी0ए0/4632, दिनांक 24.12.2021 के द्वारा प्रति कुलपति बनाये जाने पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यवाही : कुलसचिव द्वारा**

**मद संख्या–11(2)** विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत प्रस्तावित शैक्षणिक कैलेण्डर (सत्र 2021–22) को कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–11(2))

**संकल्प** कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत प्रस्तावित शैक्षणिक कैलेण्डर (सत्र 2021–22) को कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**कार्यवाही : कमेटी सैल द्वारा**

**मद संख्या–11(3)** डॉ0 राजीव सिजेरिया, पूर्व उप निदेशक, एस0सी0आर0आई0ई0टी0 द्वारा दिनांक 10.12.2021 को प्रेषित त्यागपत्र को स्वीकार किये जाने हेतु प्रकरण कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–11(3)

**संकल्प** कार्य परिषद द्वारा डॉ0 राजीव सिजेरिया, पूर्व उप निदेशक, एस0सी0आर0आई0ई0टी0 द्वारा दिनांक 10.12.2021 को प्रेषित त्यागपत्र को स्वीकार किया गया।

**कार्यवाही : सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक) द्वारा**

**मद संख्या–11(4)** सचिव, स्कूल ऑफ डेन्टल साईसेज, ग्रेटर नोएडा द्वारा संस्थान में संचालित बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम में शैक्षिक सत्र 2006–07 में एक वर्ष हेतु सम्बद्धता प्रदान की गयी थी तत्पश्चात् उपरोक्त संस्थान शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा निजी विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित हो गया है, जिस पर उपरोक्त संस्थान के सचिव द्वारा विश्वविद्यालय में उक्त पाठ्यक्रम की बन्धक एफ0डी0आर0 को अवमुक्त किये जाने का अनुरोध किया है, जो कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–11(4))

**संकल्प** कार्य परिषद द्वारा सचिव, स्कूल ऑफ डेन्टल साईसेज, ग्रेटर नोएडा द्वारा संस्थान में संचालित बी0डी0आर0 पाठ्यक्रम की बन्धक एफ0डी0आर0 को अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति प्रदान की।

**कार्यवाही : सहायक कुलसचिव (सम्बद्धता) द्वारा**

**मद संख्या–11(5)** सचिव, आई0टी0एस0 इन्स्टीट्यूट ऑफ हैल्थ एण्ड एलाइड साईंसेज, ग्रेटर नोएडा द्वारा संस्थान में संचालित बी0एससी0 (बायोटैक्नोलोजी) एवं एम0एससी0 (बायोटैक्नोलोजी) पाठ्यक्रम की सम्बद्धता समाप्त किये जाने का अनुरोध किया है, जो कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–11(5))

**संकल्प** कार्य परिषद द्वारा सचिव, आई0टी0एस0 इन्स्टीट्यूट ऑफ हैल्थ एण्ड एलाइड साईंसेज, ग्रेटर नोएडा द्वारा संस्थान में संचालित बी0एससी0 (बायोटैक्नोलोजी) एवं एम0एससी0 (बायोटैक्नोलोजी) पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता समाप्त किये जाने सम्बन्धी प्रकरण पर बी0एससी0 (बायोटैक्नोलोजी) एवं एम0एससी0 (बायोटैक्नोलोजी) पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता समाप्त किये जाने की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की गयी कि सम्बंधित महाविद्यालय सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की उपाधि इसी संस्थान से पूर्ण करायेंगे। यह भी निर्णय लिया गया कि उपरोक्त वर्णित छात्रों के पाठ्यक्रम की अवधि समाप्त होने के पश्चात ही उक्त पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित एफ0डी0आर0, जो कि कुलसचिव के नाम बन्धक है, को अवमुक्त किया जायेगा।

**(कार्यवाही: सहा0 कुलसचिव (सम्बद्धता) द्वारा)**

**मद संख्या–11(6)** कार्य परिषद की बैठक दिनांक 26.11.2021 के मद संख्या–18(17) के संकल्पानुसार स्टार्टअप सैल एवं इक्यूवेशन सेन्टर का गठन किया गया था, जिसमें नवनियुक्त निदेशक, एस0सी0आर0आई0ई0टी0, डॉ0 नीरज सिंघल को सम्मिलित किये जाने हेतु प्रकरण कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–11(6)

**संकल्प** कार्य परिषद द्वारा कार्य परिषद की बैठक दिनांक 26.11.2021 के मद संख्या–18(17) के संकल्पानुसार स्टार्टअप सैल एवं इक्यूवेशन सेन्टर के सम्बन्ध में पूर्व गठित समिति में नवनियुक्त निदेशक, एस0सी0आर0आई0ई0टी0, प्रो0 नीरज सिंघल को सम्मिलित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की। इस प्रकार स्टार्टअप सैल व इन्यूवेशन सेन्टर में प्रो0 जयमाला, गणित विभाग, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ पूर्व निदेशक, एस0सी0आर0आई0ई0टी0 व प्रो0 नीरज सिंघल को वर्तमान निदेशक, एस0सी0आर0आई0ई0टी0 के रूप में सैल के सदस्य रहेंगे। इसी प्रकार प्रो0 हरे कृष्ण, संकायाध्यक्ष–अभियांत्रिकी इस सैल के समन्वयक एवं प्रो0 अनुज कुमार, भौतिकी विभाग, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ इस सैल के सदस्य रहेंगे। साथ ही समिति को यह भी निर्देशित किया गया कि वह इण्डस्ट्री एकाडेमिया इन्टरफेस का विकास करने हेतु कन्सल्टैन्ट/विशेषज्ञों की सेवाऐं भी ले।

**(कार्यवाही: सहा0 कुलसचिव (सम्बद्धता) द्वारा)**

**मद संख्या–11(7)** विश्वविद्यालय के सहायक अभियन्ता, श्री मनीष मिश्रा की सहायक अभियन्ता पद पर परीवीक्षा अवधि का एक वर्ष, जो दिनांक 17.01.2022 को पूर्ण हो गया है, पर दिनांक 18.01.2022 से स्थायीकरण किये जाने हेतु प्रकरण कार्य परिषद के विचारार्थ प्रस्तुत है। (संलग्नक–11(7))

**संकल्प** कार्य परिषद द्वारा सहायक अभियन्ता, श्री मनीष मिश्रा की सहायक अभियन्ता पद पर परीवीक्षा अवधि का एक वर्ष, दिनांक 17.01.2022 को पूर्ण होने एवं उनके सम्बन्ध में प्रस्तुत की गयी गोपनीय आख्या के परिपेक्ष्य में उन्हें दिनांक 18.01.2022 से स्थायीकरण किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी।

**(कार्यवाही: सहा0 कुलसचिव (सम्बद्धता) द्वारा)**

**संकल्प–11(8)** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नव स्थापित अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ, से उत्तर प्रदेश में संचालित समस्त मेडिकल एवं पैरामेडिकल महाविद्यालयों/संस्थानों को उक्त विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किया गया है। एल0एल0आर0एम0 मेडिकल कालेज, मेरठ विश्वविद्यालय का घटक महाविद्यालय है। कार्यपरिषद सदस्य मा0 न्यायमूर्ति श्री पंकज मित्तल द्वारा यह मत व्यक्त किया गया कि घटक महाविद्यालय को विश्वविद्यालय से ही सम्बद्ध रहना उपयुक्त होगा। कार्यपरिषद के समक्ष यह तथ्य प्रस्तुत किया गया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार हर विश्वविद्यालय व महाविद्यालय को बहु–विषयक (Multidisciplinary) होने की अनिवार्यता है। कार्यपरिषद द्वारा इस प्रकरण पर एक मत से यह निर्णय लिया गया कि मा0 कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश शासन को इस आशय का अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया जाये कि एल0एल0आर0एम0 मेडिकल कालेज, मेरठ, नर्सिंग कॉलिज (चिकित्सालय सहित) को विश्वविद्यालय का घटक महाविद्यालय होने के कारण चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से ही यथावत, सम्बद्ध रखा जाए।

**(कार्यवाही: सहा0 कुलसचिव (सम्बद्धता) द्वारा)**

22-01-2022

**कुलसचिव**
**सचिव कार्य परिषद**